संख्या- 21 /2023/77-1002(003)/1/2023/001-1921

प्रेषक,

अनीता चौधरी,

अनु सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,

उद्योग, उ0प्र0, कानपुर।

औद्योगिक विकास अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 12/12/2023

**विषय:- वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत टेबलेट/स्मार्टफोन के वितरण हेतु प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को के पत्र संख्या- डी/23-24/3735 दिनांक 08.12.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें अवगत कराया गया है कि शासनादेश दिनांक 18.07.2022 के माध्यम से स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत युवाओं को निशुल्क टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण योजना के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं। कार्यालय ज्ञाप दिनाँक 27.07.2022 द्वारा यूपीडेस्को को नोडल एजेन्सी नामित किया गया है। वर्ष 2022-23 के लिये स्मार्टफोन्स के क्रय एवं वितरण हेतु आपूर्तिकर्ता संस्थाओं के चयन के लिये दिनांक 12.12.2022 को जेम पोर्टल पर बिड अभिलेख संख्या GEM/2022/B/2835240 प्रकाशित किया गया। उक्त के क्रम में शासन के पत्र दिनांक 23.08.2023 से प्राप्त अनुमोदन के क्रम में 25 लाख स्मार्टफोन्स की निम्नानुसार आपूर्ति प्रति स्मार्टफोन दर रू. 9972.00 पर प्राप्त किये जाने सम्बन्धी लिये गये निर्णय से अवगत कराते हुये प्रकरणगत अपेक्षित अगेत्तर कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है:-

| **S. No.** | **Bidder Name** | **OEM Name** | **Quantity Assigned** |
|---|---|---|---|
| 1 | M/s Vision Distribution Pvt. Ltd. | M/s Samsung India Electronics Pvt. Ltd. | 7,84,314 |
| 2 | M/s Celkon Impex Pvt. Ltd. | M/s Samsung India Electronics Pvt. Ltd. | 6,86,275 |
| 3 | M/s NF Infratech Service Pvt. Ltd. | M/s Samsung India Electronics Pvt. Ltd. | 5,88,235 |
| 4 | M/s Instant Procurement Services Pvt. Ltd. | M/s Lava International Ltd. | 4,41,176 |
| **Total** | | | **25,00,000** |

2- निविदा की शर्तानुसार आपूर्तिकर्ता संस्थाओं द्वारा जेम कॉन्ट्रेक्ट जनरेट होने की तिथि 25.08.2023 से 180 दिनों अर्थात दिनांक 21.02.2024 तक कुल 25 लाख स्मार्टफोन्स की आपूर्ति निम्नानुसार डिलीवरी शिड्यूल के अनुसार की जानी निर्धारित है:-

| Date (TO is date of | Delivery Due | Cummulative Supply of |
|---|---|---|

| Contract i.e., 25.08.2023) | Date | Smartphone | |
|---|---|---|---|
| | | in Percentage | in Quantity |
| TO+30 | 24-09-2023 | 15% | 3,75,000 |
| TO+60 | 24-10-2023 | 30% | 7,50,000 |
| TO+90 | 23-11-2023 | 50% | 12,50,000 |
| TO+120 | 23-12-2023 | 70% | 17,50,000 |
| T0+150 | 22-01-2024 | 85% | 21,25,000 |
| TO+180 | 21-02-2024 | 100% | 25,00,000 |

3- उक्तानुसार निर्धारित डिलीवरी शिड्यूल के सापेक्ष दिनांक 07.12.2023 तक आपूर्तिकर्ता संस्थाओं द्वारा कुल 12,64,733 स्मार्टफोन्स की आपूर्ति की जा चुकी है जिसका विवरण निम्नवत प्रस्तुत है:-

| Sr. No. | Supplier Name | Ordered Quantity | Supplied Quantity | Remaining Quantity |
|---|---|---|---|---|
| 1 | M/s Vision Distribution Pvt. Ltd. | 7,84,314 | 4,20,314 | 3,64,000 |
| 2 | M/s Celkon Impex Pvt. Ltd. | 6,86,275 | 3,56,500 | 3,29,775 |
| 3 | M/s NF Infratech Service Pvt. Ltd. | 5,88,235 | 3,24,919 | 2,63,316 |
| 4 | M/s Instant Procurement Services Pvt. Ltd. | 4,41,176 | 1,63,000 | 2,78,176 |
| **Total** | | **25,00,000** | **12,64,733** | **12,35,267** |

4- यूपीडेस्को द्वारा आपूर्तिकर्ता संस्थाओं को भुगतान किये जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के लिये किये गये अनुरोध के क्रम में शासन द्वारा पत्र संख्या-16/2023/77-1002(003)/1/2023/001-1640 दिनाँक 26.09.2023 के माध्यम से रू. 371,90,79,105.00 तथा पत्र संख्या-18/2023/77-1002(003)/1/2023/001-1765 दिनाँक 30.10.2023 के माध्यम से रू. 949,77,97,513.00 अर्थात कुल रू. 1321,68,76,618.00 की वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जा चुकी हैं।

5- यूपीडेस्को द्वारा उक्तानुसार स्वीकृत धनराशि को आवश्यकतानुसार 4 फेज़ में आहरण की कार्यवाही सम्पन्न करते हुये आपूर्तित कुल 12,64,733 स्मार्टफोन्स के सापेक्ष भुगतान हेतु उपयोग किया जा रहा है जिसका दिनांक 07.12.2023 तक का विवरण निम्नवत प्रस्तुत है:-

| Sr. No | Supplier Name | Qty for which | Gross Amount | Hold Amount in | Penalty for late | Paid Amount in |
|---|---|---|---|---|---|---|

| . | | payment done | Payable/Bill Amount (Col.3 *Rs. 9972) | Rs. (as per RFP cond.) | supply in Rs. | Rs. [4-(5+6)] |
|---|---|---|---|---|---|---|
| <1> | <2> | <3> | <4> | <5> | <6> | <7> |
| 1 | M/s Vision Distribution Pvt. Ltd. | 3,92,300 | 391,20,15,600 | 11,73,60,468 | 12,70,426 | 379,33,84,706 |
| 2 | M/s Celkon Impex Pvt. Ltd. | 2,75,800 | 275,02,77,600 | 8,25,08,328 | 78,05,320 | 265,99,63,952 |
| 3 | M/s NF Infratech Service Pvt. Ltd. | 2,94,119 | 293,29,54,668 | 8,90,27,727 | 11,08,389 | 284,28,18,557 |
| 4 | M/s Instant Procurement Services Pvt. Ltd. | 1,33,000 | 132,62,76,000 | 3,97,88,280 | 1,85,13,210 | 126,79,74,510 |
| Total | | 10,95,219 | 1092,15,23,868 | 32,86,84,798 | 2,86,97,345 | 1056,41,41,725 |

6- आपूर्तिकर्ता संस्थाओं द्वारा आपूर्तित कुल 12,64,733 स्मार्टफोन्स में से उक्त तालिकानुसार 10,95,219 स्मार्टफोन्स की आपूर्ति के सापेक्ष कुल धनराशि रू. 1056,41,41,725.00 का भुगतान किया जा चुका है तथा आर.एफ.पी. में भुगतान हेतु निर्धारित शर्तानुसार रोकी गयी धनराशि रू. 32,86,84,789.00 मुख्यतः शेष भुगतान (3 प्रतिशत) हेतु प्रतिबद्ध व्यय/देयता के रूप में उपलब्ध है। उक्त के अतिरिक्त आपूर्तिकर्ता संस्थाओं द्वारा सत्त रूप में अग्रेत्तर की जा रही आपूर्ति हेतु उनके द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले बीजकों के सापेक्ष शेष उपलब्ध धनराशि रू. 226,94,70,991.00 का उपयोग भी आगामी 15 दिनो में हो जाने की सम्भावना है।

7- यह भी अवगत कराना है कि उपरोक्तानुसार भुगतान उपरान्त आपूर्तिकर्ता संस्थाओं द्वारा कुल 1,69,514 स्मार्टफोन्स की सम्पन्न की गयी आपूर्ति के सापेक्ष भुगतान हेतु बीजक उपलब्ध करा दिये गये हैं जिस हेतु भुगतान प्रस्ताव यूपीडेस्को में तैयार कराये जा रहे हैं। उक्तानुसार प्रति स्मार्टफोन की दर रु. 9,972.00 के आधार पर कुल धनराशि रू. 169,03,93,608.00 के व्यय/भुगतान की निम्न तालिकानुसार देयता उत्पन्न होगी:-

| Sr. | Supplier | Supplied | Quantity | Quantity | Amount Required |
|---|---|---|---|---|---|

| No. | Name | Quantity | for which Payment done | for which bills received and payment due | for due payment @ Rs. 9972.00 per device |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | M/s Vision Distribution Pvt. Ltd. | 4,20,314 | 3,92,300 | 28,014 | 27,93,55,608.00 |
| 2 | M/s Celkon Impex Pvt. Ltd. | 3,56,500 | 2,75,800 | 80,700 | 80,47,40,400.00 |
| 3 | M/s NF Infratech Service Pvt. Ltd. | 3,24,919 | 2,94,119 | 30,800 | 30,71,37,600.00 |
| 4 | M/s Instant Procurement Services Pvt. Ltd. | 1,63,000 | 1,33,000 | 30,000 | 29,91,60,000.00 |
| | **Total** | **12,64,733** | **10,95,219** | **1,69,514** | **169,03,93,608.00** |

8- आपूर्तिकर्ता संस्थाओं द्वारा आपूर्ति हेतु कुल प्रतिबद्धित 25 लाख स्मार्टफोन्स में से दिनांक 07.12.2023 तक आपूर्ति हेतु शेष 12,35,267 स्मार्टफोन्स की दिनांक 21.02.2024 तक की अनुमानित आपूर्ति के सापेक्ष प्रति स्मार्टफोन की दर रू. 9,972.00 के आधार पर कुल धनराशि रू. 1231,80,82,524.00 के व्यय/भुगतान की देयता निम्न तालिकानुसार उत्पन्न होगी:-

| Sr. No. | Supplier Name | Orderd Quantity | Supplied Quantity | Remaining committed supply till 21-02-2024 | Amount Required for remaining committed supply Rs. 9972.00 per device |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | M/s Vision Distribution Pvt. Ltd. | 7,84,314 | 4,20,314 | 3,64,000 | 362,98,08,000.00 |
| 2 | M/s Celkon Impex Pvt. Ltd. | 6,86,275 | 3,56,500 | 3,29,775 | 328,85,16,300.00 |
| 3 | M/s NF | 5,88,235 | 3,24,919 | 2,63,316 | 262,57,87,152.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Infratech Service Pvt. Ltd. | | | | |
| 4 | M/s Instant Procurement Services Pvt. Ltd. | 4,41,176 | 1,63,000 | 2,78,176 | 277,39,71,072.00 |
| **Total** | | **25,00,000** | **12,64,733** | **12,35,267** | **1231,80,82,524.00** |

9- उक्त सम्पूर्ण के परिप्रेक्ष्य में आपूर्तित स्मार्टफोन्स के सापेक्ष भुगतान हेतु निम्न विवरणानुसार धनराशि की आवश्यकता है:-

| **क्र.सं.** | **व्यय / भुगतान का विवरण** | **धनराशि रू. में** |
|---|---|---|
| 1 | उक्त बिन्दु-6 के अनुसार 1,69,514 स्मार्टफोन्स की आपूर्ति के सापेक्ष आपूर्तिकर्ता संस्थाओं को व्यय / भुगतान की देयता | 169,03,93,608.00 |
| 2 | उक्त बिन्दु-7 के अनुसार 12,35,267 स्मार्टफोन्स की दिनांक 21.02.2023 तक की अनुमानित आपूर्ति के सापेक्ष व्यय / भुगतान की देयता | 1231,80,82,524.00 |
| 3 | उक्त बिन्दु-5 के अनुसार आपूर्तित स्मार्टफोन्स के सापेक्ष भुगतान हेतु योजना के खाते में उपलब्ध धनराशि | 226,94,70,991.00 |
| **कुल वांछित धनराशि (1+2-3)** | | **1173,90,05,141.00** |

10- उपरोक्त तालिकानुसार वांछित धनराशि की स्वीकृति निर्गत होने तथा आहरण उपरान्त कतिपय धनराशि के पूर्ण उपयोग न हो पाने की दशा में शेष धनराशि राजकोष में समर्पित कर दी जायेगी।

उक्त के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या 007 उद्योग विभाग (भारी एवं मध्यम उद्योग)-लेखा शीर्षक-2852-उद्योग-800-अन्य व्यय-04-स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना-0401-टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण-42 अन्य व्यय के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि में से उपरोक्त बिन्दु-8 की तालिकानुसार धनराशि रू. 1173,90,05,141.00 (रू. ग्यारह सौ तिहत्तर करोड़ नब्बे लाख पाँच हजार एक सौ इकतालीस मात्र) की वित्तीय स्वीकृति यूपीडेस्को के पक्ष में निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

11- अतएव वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि रू0 360000.00 लाख में से रू0 1173,90,05,141.00 (रू. ग्यारह सौ तिहत्तर करोड़ नब्बे लाख पाँच हजार एक सौ इकतालीस मात्र) की वित तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

<u>नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों</u>

1. उद्योग निदेशक द्वारा वित्त विभाग के आदेश संख्या- 1-417/10-2013-16/94 दिनांक 26.02.2013 में दी गयी प्रक्रियानुसार सेंट्रल सर्वर के माध्यम से संबंधित कोषागार को बजट आवंटन भेजे जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

2. उक्त स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु वित्तीय नियम संग्रह खण्ड- 5, भाग- 1 के प्रपत्र 6(ए) (संशोधित) द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर प्रबंध निदेशक, यूपीडेस्को द्वारा बिल बनाकर उसे संयुक्त निदेशक, उद्योग लखनऊ मण्डल लखनऊ को प्रतिहस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किया जायेगा।

3. धनराशि का आहरण सक्षम स्तर के अनुमोदनोपरान्त नियमानुसार किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि के व्यय में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4. उक्त धनराशि का आहरण केवल तात्कालिक आवश्यकतानुसार ही किया जायेगा।

5. स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है।

6. आहरित धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण यथासमय शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

7. स्वीकृत धनराशि का राजकोष से एकमुश्त आहरण नहीं किया जायेगा। धनराशि का आहरण, वास्तविक रूप से आपूर्ति की गयी सामग्री के सापेक्ष नियमानुसार देय भुगतान के अनुसार ही, राजकोष से किया जायेगा।

8. भुगतान किये जाने से पूर्व सम्बन्धित Bid Documents में क्रय सामग्री हेतु उल्लिखित तकनीकी विशिष्टियों, आपूर्ति, टेस्टिंग, डाक्यूमेन्टेशन, वारण्टी आदि एवं अन्य सभी आवश्यक Terms & Conditions का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

9. आहरण/भुगतान किये जाने से पूर्व जहां आवश्यक हो सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।

10. स्वीकृत धनराशि के व्यय के सम्बन्ध में सुंसगत मैनुअल/शासनादेशों/नियमों आदि का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

12- इस संबंध में होने वाला व्यय रू. 1173,90,05,141.00 (रू. ग्यारह सौ तिहत्तर करोड़ नब्बे लाख पाँच हजार एक सौ इकतालीस मात्र को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 007 लेखा शीर्षक 2852808000401 टेबलेट/स्मार्ट फोन का वितरण-मानक मद-42 अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

13- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

Digitally Signed by अनीता चौधरी
Date: 12-12-2023 15:29:25
Reason: Approved

भवदीया,
(अनीता चौधरी)
अनु सचिव।

संख्या-21/2023/77-1002(003)/1/2023/001-1921(1)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम एवं द्वितीय, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम एवं द्वितीय, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
3. निदेशक, कोषागार, जवाहर भवन लखनऊ।
4. निदेशक, वित्तीय सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन लखनऊ।
5. मुख्य कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट लखनऊ।
6. संयुक्त निदेशक, उद्योग, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
7. प्रबन्ध निदेशक, यूपी डेवलपमेन्ट सिस्टम कारपोरेशन लि0 लखनऊ।
8. नोडल बजट एलाटमेन्ट सिस्टम।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6
10. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
11. औद्योगिक विकास अनुभाग-2
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अनीता चौधरी)
अनु सचिव।